# मिशन शक्ति की प्रेरक पहल: बिटिया यशिका प्रकाश बनी एक दिन की डीएम

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन के अंतर्गत जनपद अमरोहा मे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 11 वी की छात्रा यशिका प्रकाश को एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा छात्रा को बुके देकर सम्मानित किया और छात्रा को बैग वितरण करते हुए अपने कार्यप्रणाली के बारे अवगत कराया और कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना था। यह अभियान महिलाओं और बच्चियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन और प्रशासन स्तर पर चलाया जा रहा है। अभी हमारी नई युवा पीढ़ी है, जो स्कूली शिक्षा में अध्ययनरत है उन्हें इसके माध्यम से प्रेरणा मिल सके तथा शासन-





प्रशासन के उच्च पदों पर जाने के लिए उनका मनोबल बढ़ सके। उन्होंने कहा कि नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ेगा। लोगों को बताना है कि बेटिया भी बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्हें बिना भेदभाव के शिक्षित कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति 5.0' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक पद के लिए एक-एक छात्रा को एक दिन के लिए अधिकारी नियुक्त किया जाता है, ताकि महिलाओं में यह विश्वास जागे कि वे भी उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा कर सकती हैं। कहा कि छात्रा अत्यंत प्रतिभाशाली है और उनका सपना है कि वे भविष्य में एक अधिकारी बनकर देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं को सही समय पर अवसर और सुरक्षित माहौल प्रदान किया जा रहा है जिससे वो हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं जिस क्षेत्र में भी कार्यरत है, उसमें वो अपना नाम कर सकती है और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकती है। कार्यक्रम के तहत छात्रा यशिका प्रकाश ने जिलाधिकारी के कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई कार्यक्रम का संचालन किया। छात्रा द्वारा समस्याओं को गंभीरता से सुना और शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। तहसील अमरोहा के ग्राम बागड़पुर इम्मा की निवासी बबीता ने अपनी शिकायत बताते हुए कहा कि राशन कार्ड बनाने के लिए आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। ग्राम जलालपुर उमर के निवासी गंगासरन पुत्र भगवान सिंह ने भूमि को अभिलेखों में दर्ज करने की बात कही जिस पर यशिका प्रकाश ने शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर ने न केवल यशिका के चेहरे पर गर्व और खुशी की चमक बिखेरी, बल्कि वहां मौजूद सभी लोगों को गहराई से प्रभावित किया। छात्रा ने कहा कि आज जिलाधिकारी बनना उसका सपना पूरे होने जैस है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शशि भूषण पाठक, राकेश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, गजेंद्र कुमार, आदिल, परामर्शदाता, हब इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन के कार्मिक कु0 ललिता रानी, जेण्डर विशेषज्ञ,सखी वन स्टॉप सेन्टर की ममता दुबे सेंटर मैनेजर, चंद्र जीत, पटल सहायक, अध्यापिका, आदि उपस्थित रहे।

## धान की फसल का क्रॉप कटिंग प्रयोग गाटा संख्या- 22 में 17.200 किलोग्राम निकला बजन



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा ग्राम खाता, तहसील अमरोहा, जनपद अमरोहा में धान की फसल का क्रॉप कटिंग प्रयोग गाटा संख्या- 22 में प्रथम कृषक ईश्वर चंद्र शर्मा पुत्र कृपाराम शर्मा के खेत में किया गया जिसमें धान कुल वजन 17.200 किलोग्राम निकला। इसी प्रकार दूसरे कृषक अमरनाथ पुत्र निरंकार शर्मा के खेत में किया गया जिसमें कुल 18. 200 किलोग्राम धान निकला। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अमरोहा, तहसीलदार अमरोहा, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अमरोहा ट्रेड फेयर को सफल बनाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में रामलीला मैदान अपोजिट जे०एस० हिन्दू डिग्री कालेज अमरोहा में जनपद में 09 से 18 अक्टूबर तक लगने वाले अमरोहा ट्रेड फेयर के सम्बन्ध में प्रभारियों और सह प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अमरोहा ट्रेड फेयर में लगे अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। जिलाधिकारी ने मेले को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के साथ-साथ अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए अमरोहा ट्रेड फेयर के सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी होंगे। उनके सहयोग हेतु सह-प्रभारी उपायुक्त उद्योग केन्द्र, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, उपनिदेशक कृषि, उपायुक्त जी०एस०टी० एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी होंगे। फेयर का विधिवत उद्घाटन जनप्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर को सायं 05:00 बजे किया जाएगा। तपश्चात सायं 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिदिन मेला दो सत्रो में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम सत्र 03:00 बजे से 06:00 बजे के मध्य योजनाओं/कार्यक्रमों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग द्वारा जनमानस को योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। द्वितीय सत्र सांय 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कार्यक्रम के अनुसार सम्बन्धित प्रभारियों द्वारा कराया जाएगा। फेयर में पुलिस सहायता केन्द्र के प्रभारी क्षेत्राधिकारी, अमरोहा होंगे तथा निःशुल्क चिकित्सा डेस्क के प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी होगे, जो प्रतिदिन के लिए सह-प्रभारी अपने स्तर से नामित करेंगे। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ मेला स्थल का भ्रमण किया गया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर शक्ति सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त, उप निदेशक कृषि डॉ0 रामप्रवेश, अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार, उपायुक्त उद्योग शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त प्रभारी और सहप्रभारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान ,नारी स्वालंबन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन





**रहरा/अमरोहा (सब का सपना):-** गुरुवार को मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत थाना रहरा क्षेत्र के ग्राम बुराबली में मिशन शक्ति सुरक्षा दल डोली शर्मा, प्रिया पंवार द्वारा महिलाओं को साईबर क्राइम व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090,,1076 , 1930,112आदि तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभिउदय योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, साइबर अपराध 1930 एवं पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया।

## नायाब अब्बासी डिग्री कालिज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना):-** मिशन शक्ति फेज पाँच के तहत गुरुवार को नायाब अब्बासी डिग्री कालिज में महिला सशक्तिकरण के शीर्षक से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।काफी छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए ।इस प्रतियोगिता का परिणाम ३१ अक्तूबर को लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में घोषित कर विजयी छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम से



पूर्व प्राचार्या डा. लुबना हामिद ने कहा कि नारी ने हर युग में अपनी महत्ता सिद्ध की है चाहे वह सावित्री हो रज़िया सुल्तान हो उस ने अपना धर्म हर युग में निभाया है । चीफ प्राक्टर डा.महताब अमरोहवी ने कहा कि महिला कभी कमजोर नहीं थी बल्कि लोक लाज और रिश्तों को निभाने के कारण काफी कुछ सहती है इस समर्पण को उसकी कमजोरी कहना उचित नहीं है । इस अवसर पर डा. सरिता रानी ,डा.निकहत नकवी, उजमा सैफी, अरमान सिद्दीकी,डा. नसीम अहमद,जुनैद आलम , डा. मुबारक अली , डा.महताब आलम ,इज्जत अली ,डा.रेशमा जैदी ,रुमाना आबिदी, अर्चना शर्मा, डा. रुचि अग्रवाल समेत सभी स्टाफ सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए महिला सशक्तिकरण पर सरकार के प्रयासों की सराहना की ।

## खाद्य विभाग की छापेमारी,अवैध रूप से संचालित सोनपापड़ी बनाने की फैक्ट्री में की धरपकड़





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर कोतवाली में खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए अवैध रूप से संचालित सोनपपड़ी बनाने की फैक्ट्री में धरपकड़ करते हुए यहां से डीसीएम कैंटर में लोड होकर भेजी जा रही 3500 सोनपपड़ी के डिब्बे भी जब्त किए गए। डिब्बे पर किसी बड़े ब्रांड का नाम भी अवैध रूप से छापा गया था। बता दें कि गुरूवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय अग्रवाल के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने नगर के मुहल्ला जलालनगर में छापेमारी की और अवैध रूप से संचालित सोनपपड़ी की फैक्ट्री की धरपकड़ की। यहां से 3500 सोनपपड़ी के डिब्बे भी जब्त किए गए, जो कि एक डीसीएम कैंटर में भरकर दूसरे स्थान पर ले जाने की तैयारी चल रही थी। डिब्बो पर एक बड़े ब्रांड का नाम छपा हुआ था जिसका कोई वैध लाइसेंस भी संचालक के पास नहीं था। टीम ने फैक्ट्री के संचालक इसरार पुत्र अब्दुल करीम निवासी मुहल्ला साहनपुर तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर से भी पूछताछ की और नोटिस थमाया। इस मौके पर टीम में अरविंद कुमार, कुलदीप दीक्षित, राकेश कुमार, मनोज कुमार आदि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे।

## करवाचौथ के अवसर पर उत्सव का आयोजन

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर में करवा चौथ के पर्व के अवसर पर नगर की अग्रवाल भवन में उत्सव का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर अग्रवाल भवन में महिलाओं ने तरह-तरह के आयोजन में भागीदारी कर करवा चौथ के पर्व को और भी सुहाना बना दिया। बता दें कि महिला वैश्य सभा द्वारा करवाचौथ पर्व के उपलक्ष्य में नगर के अग्रवाल



भवन में उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने डांडिया खेलते हुए सामुहिक नृत्य में उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए समां बांध दिया। इस दौरान बालिकाओं ने भी गीत और कविता प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्षा विनीता, कंचन, रीमा बंसल, प्रीति मित्तल, सुमन सिंघल, भारती सिंघल, मानसी अग्रवाल, दीप्ति जैन, रेनू सिंगल, विनीत गर्ग, रचना सिंघल, श्वेता बंसल,गीता गोयल, रूपल जैन, पूजा मित्तल, ऋषि वाला, बंदना गोयल, पलक गर्ग आदि महिलाओं ने भाग लिया।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान ,नारी स्वालंबन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान ,नारी स्वालंबन के अंतर्गत ब्लॉक अमरोहा, गाम-कल्याणपुरा में बाल विवाह को ना शिक्षा को हां का कार्यक्रम आयोजित किया गया कु0 ललिता रानी, जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा बताया गया किबाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत लड़की की शादी उम 18 वर्ष से कम और किसी लड़के की शादी 21 वर्ष से कम उम्र नहीं होनी चाहिए! बाल विवाह से लड़क्यिो के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं, इससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आती है, लड़क्यिो की पढ़ाई बीच में ही रुकवा दी जाती है जिससे लड़क्यिो अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती, और उनके बच्चों का भविष्य भी असुरक्षित हो जाता है, शिक्षा की कमी के कारण बाल विवाह होने के उपरांत वह आर्थिक रूप से अपने जीवनसाथी पर निर्भर



रहना पड़ता है। कम उम्र मे विवाह बच्चों के बचपन और भविष्य को छीन लेता है! लड़कियों को शिक्षित होना बहुत ही जरूरी है। शिक्षा लड़कियों को आत्मविश्वास देती है और उन्हें अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। इसके साथ ही शिक्षित लड़कियां को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी अधिक होती है, जिससे वे अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर स्वास्थ्य निर्णय ले पाती हैं, अपूर्वा, लेखाकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना एवं वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक व बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, ,बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर हब इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन के कार्मिक कु0 ललिता रानी, जेण्डर विशेषज्ञ, अपूर्वा, लेखाकार ,सखी वन स्टॉप सेन्टर की ममता दुबे सेंटर मैनेजर, चन्द्रजीत, पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री/विधायक कांठ कमाल अख्तर ने काशीराम जी को दी श्रद्धांजलि

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** विधायक काँठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख़्तर ने हसनपुर स्थित समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर कांशीराम साहब के 19वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ससम्मान उपस्थित होकर उन्हें शत-शत नमन एवं अपार श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कमाल अख़्तर ने कहा, कि कांशीराम साहब एक ऐसे समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपने जीवन को पूरी तरह समाज के वंचित, शोषित, पिछड़े और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की स्थापना के लिए था। उन्होंने हमेशा समाज को एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का संदेश दिया। कमाल अख़्तर ने आगे कहा, कि कांशीराम साहब का योगदान भारतीय राजनीति





में अविस्मरणीय है। उन्होंने उन लोगों को आवाज दी, जिनकी आवाज सदियों से दबाई गई थी। समाजवादी पार्टी भी उसी विचारधारा पर चलती है। जो सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे कांशीराम साहब के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए समाज के हर वर्ग को जोड़ने और उसकी बेहतरी के लिए कार्य करें। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, कि कांशीराम साहब जैसे महापुरुषों के आदर्श हमेशा हमें प्रेरित करते रहेंगे। उनके संघर्षों और विचारों को आगे बढ़ाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अखिलेश जाटव, नवल जाटव, सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सम्मानित नागरिक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कांशीराम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर नवल कुमार जाटव, अखिलेश जाटव,साजिद खान, पूर्व विधायक पीतम सिंह, रूपचंद जाटव, डॉक्टर बबलू गौतम, सुधीर जाटव ,रिंकू जाटव मटीपुरा, आरिफ अख़्तर, फारूक प्रधान, संदीप गुर्जर, फैसल अल्वी, वसीम मलिक , विक्की अब्बास, राहुल सागर,रुम सिंह सागर, अनिल जाटव, पप्पू जाटव, बंटी जाटव ,कविराज, आदित्य जाटव ,मिंटू जाटव ,दिनेश जाटव,अंकित जाटव, महेश प्रधान, हरबंस प्रधान, चंद्रभान जाटव, रूप किशोर जाटव, रवि जाटव राजीव जाटव, विकास जाटव अरुण जाटव,पप्पू जाटव,विजय जाटव,ओमकार जाटव, सागर साहब, कुमरपाल जाटव, आदित्य जाटव, मेहर सिंह जाटव, कुलदीप जाटव, लिखवा जाटव, छत्रपाल जाटव सुनील कुमार जितेंद्र जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

# संभल में पहुंची 'भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा', जनजागरण की लहर बनी

**संभल(सब का सपना):-** भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के बैनर तले शुरू हुई भारत की मिट्टी, भारत का स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा' आज संभल जिले में दाखिल होकर राष्ट्र जागरण का नया अध्याय लिख रही है। 3 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर से प्रस्थानित यह ऐतिहासिक यात्रा, नागरिक चेतना का संदेश लेकर पूरे देश को जोड़ते हुए 15 अक्टूबर को भारत-नेपाल सीमा पर बहराइच में समापन की ओर अग्रसर है। यह यात्रा मात्र एक रैली नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक प्रखर अभियान है, जो हर भारतीय के हृदय में स्वाभिमान, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता की ज्योति जला रही है। यात्रा के प्रमुख उद्देश्यों में नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागृत करना, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना और मातृभूमि के प्रति गहन संवेदनशीलता का विकास शामिल है। विभिन्न पड़ावों पर आयोजित जनसभाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संवाद गोष्ठियों में वक्ताओं ने नागरिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता अभियान, सामाजिक एकता तथा सांस्कृतिक विरासत की रक्षा पर जोर दिया। युवा, महिलाएं, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और आम नागरिकों की भारी भीड़ इसे एक जनांदोलन का रूप दे रही है।संभल शहर में रथ यात्रा का आगमन होते ही पूरे इलाके में उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने फूल मालाओं, जयकारों और नारों से यात्रा




का स्वागत किया, जो जल्द ही एक जनोत्सव में बदल गया। रथ के दर्शन मात्र से जनमानस में राष्ट्रीय गौरव और आत्मविश्वास की लहर दौड़ पड़ी। जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में संघ के कार्यकताओं ने यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाई। भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विनोद नागर के दूरदर्शी नेतृत्व में संचालित यह यात्रा राष्ट्र के हर कोने में आत्मगौरव का संदेश पहुंचा रही है। 15 अक्टूबर को जब यह रथ भारत-नेपाल सीमा पर पहुंचेगा, तब तक यह देशव्यापी राष्ट्र पुनर्जागरण और आत्मनिष्ठा के नए युग की नींव रख चुकी होगी।
इस अवसर पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें अशोक कुमार अधाना, कुलदीप शर्मा, मिंकू चौधरी, सुभाष चाहल, शिवनारायण सैनी, अनमोल कुमार, सरदार गुरु वचन सिंह, धीरज सिंह, सतपाल सिंह अधाना, दीपक गुर्जर, रविंदर प्रताप, श्याम हर्षयाना, विनीत नागर, विवेक नागर, कमल सिंह सैनी, निर्देश कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, चौधरी ऋषिपाल सिंह, राजीव कुमार उर्फ बाबूजी, मेहंदी हसन, सेवक सैनी, अवधेश कुमार, विवेक कुमार, अमरपाल सिंह, हरवेन्द्र चौधरी, प्रवेन्द्र यादव, अरुण चौधरी, धीरेंद्र त्यागी, गणेश कुमार, यामीन मलिक, भानु प्रताप सैनी, फरमान अली, मोहसिन राजा, आदेश यादव, केशव यादव, उसमान मलिक, पवन कुमार, अशरफ अली प्रमुख थे।महिला मोर्चा से रविता देवी, ननीहा देवी, निशा देवी, भूरी देवी, अतलेश देवी, सुमन देवी, प्रदेव देवी, कस्तूरी, शकुंतला, कश्मीरी, रानी आदि ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यकताओं ने यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता के संकल्प को दोहराया। यह यात्रा न केवल जनचेतना की अविरल धारा बन चुकी है, बल्कि भारत की मिट्टी से उपजी एक विराट क्रांति का प्रतीक भी है। संभल जैसे छोटे शहरों से गुजरते हुए यह यात्रा पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का संकल्प ले रही है।

## अक्टूबर 2025 में अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ के पत्रांक 4591, दिनांक 6 अक्टूबर 2025 के अनुसार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को अक्टूबर माह के लिए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह वितरण 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। अंत्योदय अन्न योजना के तहत लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं, 16 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल और 5 किलोग्राम मक्का (उपलब्धता के आधार पर चावल के स्थान पर) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। चावल और मक्का को मिलाकर प्रति कार्ड कुल 21 किलोग्राम खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं, 2 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल और 1 किलोग्राम मक्का (उपलब्धता के आधार पर) सहित कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। वितरण प्रक्रिया में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसके तहत उपभोक्ता किसी भी उचित दर दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। जिन उपभोक्ताओं के पास आधार प्रमाणीकरण की सुविधा नहीं है, वे मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। जनपद संभल के अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों से अपील की गई है कि जिन्होंने अभी तक अपनी ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे निकटतम उचित दर दुकान पर जाकर इसे अवश्य पूरा करें। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर अपने हिस्से का खाद्यान्न प्राप्त कर लें।

# पूर्व छात्र परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया

**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना):-** बृहस्पतिवार को नगर में स्थित विद्यालय लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल मोहल्ला महाजन चंदौसी में पूर्व छात्र परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। आगंतुक सभी भैया बहिनों द्वारा सर्वप्रथम वंदना सत्र में दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कराए। गठन अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद सम्भल के जिला संयोजक हृदेश यादव एडवोकेट जी ने की।



इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह राजपूत जी ने सभी पूर्व छात्रों को परिषद के द्वारा किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख किया। तथा नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व छात्र प्रभारी आचार्य राजवीर सिंह, आचार्या रुचि अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं। इस दौरान भुवनेश वार्ष्णेय, अभिषेक शर्मा, अभिजीत सिंह, कपिल तिवारी, सुधांशु शर्मा, राशि अग्रवाल, निखिल वार्ष्णेय, आदित्य पाटिल, रितिका पाटिल, कनक गौतम, दीक्षा वार्ष्णेय, नंदिनी, आर्यन, मणिक सिंह, कृष्णपाल मौजूद रहे।

# साइबर अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई, ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सम्भल(सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद सम्भल में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सहायक पुलिस अधीक्षक,क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम आलोक कुमार भाटी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अमन सिंह और उनकी टीम ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के एक संगठित गिरोह के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 9 अक्टूबर को थाना साइबर क्राइम, जनपद सम्भल की पुलिस टीम ने लोन माफ कराने के नाम पर जनता से बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड प्राप्त कर फर्जी तरीके से मोबाइल नंबर बदलवाकर गेमिंग साइट्स पर धनराशि वितरित करने वाले गिरोह के दो अभियुक्तों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में मुकदमा पंजीकृत




किया गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह संगठित गिरोह एक अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म इडइ777 के तहत फ्रेंचाइजी मॉडल पर काम कर रहा था। इस गिरोह ने देश के विभिन्न हिस्सों में फ्रेंचाइजी खोली थीं, जिनमें से एक दिल्ली के शालीमार बाग में संचालित थी। इस फ्रेंचाइजी के मालिक जय कक्कड़ और आदित्य गुप्ता थे, जबकि इसका मैनेजर इंगित कोहली (निवासी चन्दौसी, हाल पता पंचकुला, हरियाणा) था। यह गिरोह फर्जी आधार कार्ड और सिम कार्ड के जरिए अवैध खाते खोलकर ऑनलाइन सट्टेबाजी का संचालन करता था। आरोपियों ने दीपक सिंह की मदद से आधार कार्ड में फर्जी पता परिवर्तन करवाकर सिम कार्ड हासिल किए और इनका उपयोग अवैध खातों को लिंक करने में किया। इससे पुलिस के लिए इन तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था। गिरोह के सदस्य मुकेश कक्कड़ अवैध सिम के जरिए खातों की मॉनिटरिंग और भारी मात्रा में नकदी का लेन-देन करते थे। इसके अलावा, तान्या उर्फ तन्नू तलवार, अजय, सार्थक और अंकित जैसे लोग विभिन्न अवैध गेमिंग पैनल जैसे नीना, किंग, एडी बुक और एस बुक के जरिए इस सट्टेबाजी नेटवर्क को संचालित करते थे। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, जो नोडल साइबर क्राइम सम्भल भी हैं, और क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी के निकट पर्यवेक्षण में इस अभियान को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों से सावधान रहें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# ट्रांसपोर्ट अदा करे गुम हुए समान की कीमत - उपभोक्ता आयोग

**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना):-** बहजोई निवासी शिवम् वार्ष्णेय काली मंदिर रोड पर शिवसार मेडिकल चलाते हैं उन्हें अपने मरीजों के लिए मुरादाबाद से कुछ दवाओं को सितंबर 2024 में जय देश ट्रांसपोर्ट से मंगाया था जो व्यापारी ट्रांसपोर्ट बहजोई के माध्यम से प्राप्त होनी थी । जब दवाईयां प्राप्त नहीं हुई तो उन्होंने दोनों ट्रांसपोर्ट पर संपर्क किया तो दोनों एक दूसरे पर टालम टोल करने लगे जब वास्तविकता पता चली तो शिवम द्वारा बुक कराए गए दो नगों में से एक नग गुम हो गया और ट्रांसपोर्ट वाले एक ही नग की बात कह कर पल्ला झाड़ रहे थे परेशान हो कर वो उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से मिले और सारी बात बताई तब उनकी ओर से एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में दाखिल किया गया जहां आयोग दे दोनों पक्षों को तलब किया तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां एक ही नग बुक किया था जो गुम हो गया है । वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने बताया कि खोए हुए नागो के संबंध में कोई भी गुमशुदी कही दर्ज नहीं कराई गई है और न ही बिल्टी पर उनका मूल्य अंकित किया गया है ऐसी स्थिति में विपक्षी खोए हुए माल की कीमत 29290 रुपए परिवादी को अदा करने के लिए जिम्मेदार है। आयोग ने दोनों पक्षों की बहस को सुना और आदेश दिया कि विपक्षी जयदेश ट्रांसपोर्ट एण्ड फावर्डिंग ऐजेंसी मुरादाबाद के संचालक को आदेशित किया जाता हैं कि वह परिवादी शिवम् वार्ष्णेय को बुक की गई दवाओं की कुल कीमत महालिंग 29290 रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें। इसके अलावा विपक्षी परिवादी को मुबलिग बीस हजार रुपए मानसिक कस्ट एवं आर्थिक हानि के मद में तथा पांच हजार रुपए वाद व्यय के मद में भी अदा करेगी। नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने की दशा में ब्याज 9% वार्षिक की दर से देय होगा।

# मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग और जागरूकता अभियान

**संभल(सब का सपना):-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संभल के निदेशानुसार मलेरिया विभाग ने ब्लॉक रजपुरा के ग्राम भिरावटी में फॉगिंग अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामवासियों को डेंगू, मलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। अभियान का



उद्देश्य जनमानस को इन रोगों से बचाव के उपायों और सावधानियों की जानकारी देना था।
मलेरिया विभाग ने नारा दिया, मच्छरदानी लगाओ, मलेरिया भगाओ; पानी जमा न होने दो, मलेरिया से बचाव के बारे मे ग्रामवासियों को क्या करें और क्या न करें के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# मनोना धाम में वर्षा कवियों का रस

**आवला (सब का सपना):-** श्री श्याम मंदिर मनौना धाम मे प्रथम वार ओमेन्द्र चौहान महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम पर धाम परिसर मे विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे कवियो ने अपनी कविता से सभी श्याम प्रेमियो का मन मोह लिया और तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूरात कार्यक्रम अध्यक्ष व्यवस्थापक आर्येन्द्र चौहान ने वाबा श्याम के चित्र पर दीप प्रजलित कर तथा पुष्प अर्पित कर कवि सम्मेलन की विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम अध्यक्ष ने सभी कवियो का वाबा की माला अंगवस्त्र तथा पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। कवि सम्मेलन का संचालन वीर रस के कवि भूराज सिंह राजलायर ने किया। सर्वप्रथम मां शारदे की स्तुति गीतकार अभिषेक अनंत ने की। फिर अपना काव्य पाठ किया। धाम की दिव्यता को नमन मूर्ति की नव्यता को नमन भाव भर,कर रहा भव नमन श्याम की भव्यता को नमन अभिषेक अनंत (गीतकार) ने गाया मन को मधुवन



बना लिया। मैंने दिल को निधिवन बना लिया मैंने प्रेम में बन गई स्वयं मीरा तुमको मोहन बना लिया। मैंने सरिता सिंह बदायू, दर्द का हाल भी नहीं बाँटू गम -ए -पामाल भी नहीं बाँटू आप तलवार बाँटते जाएँ और मैं ढाल भी नहीं बाँटू आदित्य तोमर नीचों के विरुद्ध युद्ध हम न रचेंगे फिर, इस धर्मयुद्ध का रचईया बनेगा कौन धर्म हित हाथ में न लेंगे तलवार हिन्दु, फिर हिन्दू धर्म का खिबईया बनेगा कौन अखिलेश ठाकुर वही सांचे वही खांचे ढले तुम भी ढले हम भी वही पगडंडिया जिन पर चले तुम भी चले हम भी मगर कल आकलन होगा तुम्हारा भी हमारा भी वही भागीरथी के तट जले तुम भी जले हम भी झभूराज सिंह मुक्तक सम्राट जीने को जी तो लेंगे तुम्हारे बगैर हम पर जी के क्या करेंगे तुम्हारे बगैर हम सूरज के दम से ही तो दिशाओं का ज्ञान है हर मोड़ पर मुड़ेंगे तुम्हारे बगैर हम श्री दत्त शर्मा मुज्तर बिसौलवी कोई मुशिकल जो आ जाये मनौना धाम आ जाना तुम्हारा मन जो घवराये मनौना धाम आ जाना जमाने मे चिकित्सक रोगियो को ला दवा कहकर अगर रोगी को ठुकाराये मनौना धाम आ जाना - उज्जवल विशष्ठ वदायू हर खबर रखता है वो इंसान की क्या गजब की वात है भगवान की मुझको भी ऐसा बना दो मुरलीधर जैसे है भक्ति अमर रसखान की। शिव कुमार शर्मा (अमन) इस्लामनगर अपने काब्य पाठ की प्रस्तुति दी वहा मैजूद श्याम भक्तो ने धार्मिक काब्य पाठ का आन्नद लिया और जमकर तालिया बजायी। काब्य पाठ के दौरान व्यवस्थापक एड श्यामेन्द्र चौहान, ट्रस्टी मानवेन्द्र चौहान, मीडिया प्रभारी ठा वेदपाल सिह, सचिन सक्सैना, महेश कठेरिया एड, विष्णु पाल सिह, संजय राजपूत, राजकमल चौहान, गब्बर सिह, धीरेन्द्र सिह, नितिन सिह, राहूल सिंह, रोहित वंशीधर, मनोज सिंह, ईशू चौहान, आकाश तथा सैकडो सेवादार एवम श्याम भक्त मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व सशक्तिकरण का संदेश

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान तहत जनपद सम्भल में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा और क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना और पुलिस टीम ने कल्कि महोत्सव के मंच पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मरक्षा और अपराध के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस टीम ने मिशन शक्ति



अभियान के लक्ष्यों को विस्तार से बताया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सशक्त माहौल तैयार करना शामिल है। उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा की तकनीकों, शारीरिक-मानसिक सतर्कता और आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने की रणनीतियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा के खिलाफ निडर होकर आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें बताया गया कि डर या संकोच के कारण चुप रहने से समस्याएं बढ़ सकती हैं, इसलिए कानूनी सहायता लेने में संकोच न करें। साथ ही, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने अपने उद्बोधन में नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "नवरात्रि महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक पर्व है। यह हमें शक्ति और साहस का संदेश देता है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित रखना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है।" उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे न केवल स्वयं जागरूक हों, बल्कि अपने आसपास की महिलाओं को भी जागरूक करें और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाएं। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया।

# भाजपा ने किया स्वदेशी मेले का आयोजन

**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना):-** उ.प्र इंटर नेशनल ट्रेड शो दिनांक 25 सितंबर से 29 सितंबर तक नोएडा में सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। इस ट्रेड शो की सफलता से प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन पर दिनांक 09 अक्टूबरसे 18 अक्टूबर तक सभी जनपदों में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में जनपद संभल के चन्दौसी नगर के कंपनी बाग में पूर्व सांसद एवं वर्तमान एमएलसी सतपाल सिंह सैनी द्वारा स्वदेशी मेले का उद्घाटन किया गया। उनके द्वारा स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सके । इस मेले में हैंडीक्राफ्ट टोकरी, खादी भंडार, मूर्तिकार, शहद उत्पादन, शुद्ध सरसों का तेल, शुद्ध सेंधा नमक, मखाने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, धूपबत्ती, अचार, इत्यादि की स्टाल लगाई गई। इस उद्घाटन समारोह में उपयुक्त उद्योग एवं उद्योग विभाग के सभी कर्मचारी और




भारतीय जनता पार्टी के सम्भल जिले के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने मेले में अधिक से अधिक लोगो के आने का आह्वान किया जिससे देश मे निर्मित वस्तुओं के बारे में लोगो को पता चले और उनकी बिक्री में बढ़ोतरी आये जिससे देश और राज्य संपन्न हो और विश्व मे अपनी पहचान बनाये। कार्यक्रम का संचालन जिलामहामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया और नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने मेले में आये सभी लोगो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कमल कुमार कमल, मनोज कठेरिया, सुधीर मल्होत्रा, अंकित जैन, डॉ टी एस पाल, तरुण कुमार नीरज, अभिनव शर्मा, देवेंद्र गुप्ता ,आकाश आहूजा, राजेश पाल ,आशा गोस्वामी, शीला सागर, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मोक्षिका शर्मा ,जयशंकर दुबे, आलोक शाक्य, सावन शर्मा, शुभम अग्रवाल ,ऋतिक सिंह, सनी चौधरी ,गिर्राज मौर्य, हरवेश राघव ,उमेश दिवाकर ,शिव शंकर दुबे और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# समाजवादी पार्टी की बैठक संपन्न,काशीराम जी का परिनिर्माण दिवस श्रद्धांजलि के साथ मनाया

**चंदौसी/संभल (सब का सपना):-** समाजवादी पार्टी की एक बैठक बालाजी धाम, चंदौसी में आयोजित हुई। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम जी का परिनिर्माण दिवस मनाया गया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने किया। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम जी पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यकों के मसीहा थे। वे 21 वीं सदी के नायक थे, जिन्होंने बहुजन समाज की पीड़ा को समझते हुए राजनीति में उनकी साझेदारी सुनिश्चित की।







उन्होंने कमजोर वर्गों को ताकत प्रदान करने और उनकी लड़ाई लड़ने का महान कार्य किया। अंसारी ने आगे कहा कि श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव ने कांशीराम जी को लोकसभा भेजकर मजलूमों की आवाज बुलंद करने का अवसर प्रदान किया। पूर्व प्रत्याशी विमलेश कुमारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें कांशीराम जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए और उनके आदर्शों को अमल में लाना चाहिए। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने कांशीराम जी को नमन करते हुए कहा कि आज माननीय अखिलेश यादव की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नीति मजदूरों, किसानों, अल्पसंख्यकों एवं दलितों को मजबूत कर रही है। बैठक में जिला महासचिव कृष्ण कुमार मुरारी , पूरन लाल मौर्य, उमेश यादव, भावना सक्सेना, अमर सिंह यादव, कामरेड रेवाराम, मुन्ना लाल मौर्य, शोभित कुमार, काका मास्टर, आकिल साहब, ओम प्रकाश प्रजापति, एडवोकेट सुभाष वाल्मीकि, रत्नेश भारती, आसिफ इकबाल साहब, सलीम राईन, राजीव रस्तोगी, इंद्रजीत, सुनीता यादव, सीमा गुप्ता, विमलेश देवी, सजय मदान, रिकु चौहान, एसपी बिलाल, साबिर खान, अशोक राणा, राजवीर सिंह यादव, होराम सिंह जाटव, जितेंद्र जाटव, अशोक गुप्ता, कामरेड रेवा राम, अरुण जाटव, साजिद कुरेशी, आयुव खान, राकेश यादव, इलयास भाई, पप्पू जाटव, चंद्रभान सिंह, राजेश यादव, भुरे यादव, रफीक मियां एवं रफीक मई आदि उपस्थित रहे।

